न्यूज डायरी

महाविद्यालय परिसर में किया श्रमदान

शिविर के दौरान मौजूद स्वयंसेवक। फोटो : महाविद्यालय

कैराना। विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई द्वारा चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सर्वप्रथम स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में श्रम दान किया गया। स्वयंसेवियों ने मतदाता पंजीकरण एवं एसआईआर के विषय में अपने गांवों और आस पड़ोस में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। बौद्धिक सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस स्वयंसेवी वंश कुमार, रोहन, सादिक, अमजद, आंचल, मीनू, खुशी, उमंग, काजल, आर्यन, सानिया व मुस्कान का योगदान रहा। संवाद

भाषण प्रतियोगिता में सानिया बनीं विजेता

कांधला। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा काव्य पाठ, लघु काव्य लेखन और आशु भाषण प्रतियोगिता हुई। भाषण में सानिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सानिया (बीए प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान पर तुबा (बीए प्रथम वर्ष) और तृतीय स्थान पर शीजा (बीए प्रथम वर्ष) रहीं। वहीं, लघु काव्य लेखन प्रतियोगिता में दीक्षा पंवार (बीए द्वितीय वर्ष) ने प्रथम, आयशा (बीए तृतीय वर्ष) ने द्वितीय और तहरीन (बीए तृतीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में आयशा (बीए तृतीय वर्ष) ने प्रथम, तहरीन ने द्वितीय और अंजली (बीए तृतीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ. श्याम बाबू ने किया। सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। संवाद

स्काउट गाइड के नियमों से अवगत कराया

रोवर्स रेंजर्स शिविर में एकजुटता दिखाते शिविरार्थी। फोटो : संवाद

देवबंद। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोवर्स/रेंजर्स इकाई के तीन दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। पहले दिन भारत स्काउट गाइड के जिला मुख्य प्रशिक्षक राजपाल सिंह पुंडीर ने शिविरार्थियों को झंडा शिष्टाचार, प्रार्थना प्रतिज्ञा, झंडा गीत एवं शिविर के सामान्य नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रोवर्स रेंजर्स के मुख्य कार्य सेवाभाव एवं जीवन में हमेशा दूसरे की सेवा करने के लिए तैयार रहना चाहिए। प्राचार्य डॉ. सौरभ चालियान ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस प्रकार के शिविर में छात्र अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा व सामुदायिक कार्यों के बारे में सीखते हैं। उन्होंने छात्रों को स्काउट गाइड के आधारभूत सिद्धांतों तथा वर्तमान व भविष्य में स्काउट व गाइड से मिलने वाले व्यक्तिगत व सामाजिक लाभ से भी अवगत कराया। इस मौके पर रोवर्स प्रभारी डॉ. राकेश कुमार, डॉ. कुसुमलता, डॉ. विनीत, डॉ. साहनवाज, डॉ. मोहम्मद आरिफ व लोकेश शर्मा आदि रहे। संवाद

पीएचडी में प्रवेश की तिथि 26 फरवरी तक बढ़ी

सहारनपुर। मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय द्वारा शोध पाठ्यक्रम में सत्र 2025-26 में पीएचडी कोर्स के लिए चयनित अभ्यर्थियों के प्रवेश के लिए 20 फरवरी अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। इसके बाद भी अनेक चयनित विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक प्रवेश नहीं ले सके हैं। उनको एक और मौका देते हुए कुलपति प्रो. विमला वाई के आदेश पर तिथि को बढ़ाकर 24 फरवरी से 26 फरवरी तक कर दिया गया है। शोध समन्वयक प्रो. धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी आज यानी 24 फरवरी से 26 फरवरी तक प्रवेश ले सकेंगे। इसके बाद कोई तिथि नहीं बढ़ेगी। संवाद

प्रदेश स्तर पर कबड्डी में विजेता बनी आईटीआई की टीम

संवाद न्यूज एजेंसी

सहारनपुर। राजकीय आईटीआई दिल्ली सड़क की टीम ने राज्य स्तर पर हुई कबड्डी प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है। अन्य खेलों में भी सहारनपुर के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा है।

राज्य स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग की ओर से लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में कराई गई। कबड्डी में प्रदेश स्तर पर राजकीय आईटीआई दिल्ली सड़क की टीम ने पहला स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। 100 मीटर दौड़ में प्रदेश स्तर पर

टीम ने 100 मीटर दौड़ में प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक प्राप्त किया

तीसरा स्थान हासिल करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। लखनऊ से लौटने पर रेलवे स्टेशन सहारनपुर पर टीम का स्वागत किया गया। आईटीआई के प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों की यह सफलता एक दिन की नहीं है, बल्कि लगातार अभ्यास का नतीजा है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहा। इस मौके पर सुरक्षा प्रभारी सरदार सिंह, खेल प्रभारी विजय कुमार, कोच विनीत कुमार व संतोष सिंह मौजूद थे।

लखनऊ से जीतकर आई राजकीय आईटीआई की टीम। फोटो : विभाग

निरवाल एकेडमी ने विक्की वॉरियर्स को हराकर जीता मैच

नहर पटरी स्थित एकेडमी में हुआ क्रिकेट मैच का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

शामली। नहर पटरी स्थित क्रिकेट एकेडमी में क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। मुकाबला विक्की वॉरियर्स और नरवाल एकेडमी के बीच हुआ। नरवाल एकेडमी ने अच्छे प्रदर्शन के साथ आठ विकेट से मैच जीत लिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी विक्की वॉरियर्स की टीम ने 20 ओवर खेलते हुए आठ विकेट खोकर 156 रन बनाए। सबसे अधिक रन विक्की देशवाल ने 36 में 32 व आकाश ने 26 में 44 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में आयुष ने चार ओवर में 28 रन देकर दो विकेट व सत्यम ने चार ओवर में 32 रन देकर तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी नरवाल एकेडमी ने 16 ओवर में दो विकेट खोते हुए लक्ष्य पूरा करते हुए आठ विकेट से मैच जीत लिया। सबसे अधिक रन खिलाड़ी कृष्णा ने 32 में 59 रन व देव ने 36 में 39 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में विराज ने चार ओवर में 46 रन देकर दो विकेट लिए। प्लेयर ऑफ द मैच कृष्णा निर्वाल रहे।

मैच जीतने के बाद खुशी मनाते खिलाड़ी। संवाद

शिविर में देशभक्ति के गीत पेश किए

देवबंद। भगला पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन हो गया। प्राचीन शिव मंदिर में कार्यक्रम में शिविरार्थियों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, वंदे मातरम, देशभक्ति गीत, कविता पाठ और राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत आदि की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व समझाया। प्रवक्ता तुषार राणा ने शिविर में कराए गए कार्यों की रिपोर्ट पढ़ी। साध्वी पृथ्वी पुरी ने बताया कि शिविर लगाने का उद्देश्य तभी सफल होगा जब हम समाज में फैली बुराइयों को कम कर सकें। छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी भागीदारी करनी चाहिए। हमें देश के उत्थान के कार्य करने में योगदान देना चाहिए। संचालन रिया एवं वैष्णवी पांडे ने किया। संवाद

बैडमिंटन प्रतियोगिता में सम्मानित शामली के शिक्षक। फोटो : विभाग

रजत देशवाल और संजीव खोकर ने बैडमिंटन में जीते पदक

शामली। सहारनपुर में मंडल टीचर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में शामली के शिक्षकों ने भी प्रतिभाग करते हुए प्रतिभा दिखाई। शिक्षक रजत देशवाल और संजीव खोकर अपनी आयु वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता में कुल 20 टीमों ने भाग लिया, जिनमें विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ी शामिल थे। प्रतियोगिता में मैन्स सिंगल्स, मैन्स डबल्स, महिला सिंगल्स और महिला डबल्स के मुकाबले आयोजित किए गए थे। प्रतियोगिता में डॉ. रजत देशवाल और संजीव खोकर ने अपने-अपने आयु वर्ग में उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। उपविजेता रहने पर दोनों खिलाड़ियों को बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौर ने बधाई दी। संवाद

बनत के ओपन शूटिंग वॉलीबाल प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। संवाद

किसान क्लब बनत बना शूटिंग वॉलीबाल प्रतियोगिता का विजेता

संवाद न्यूज एजेंसी

शामली। बनत के भिक्की मार्ग स्थित खेल मैदान पर किसान क्लब बनत द्वारा ओपन शूटिंग वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न टीमों ने भाग लिया और शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

सेमीफाइनल मुकाबला दाहा टीम और किसान क्लब बनत के बीच खेला गया, जिसमें किसान क्लब बनत ने 21 अंक प्राप्त कर दाहा टीम को 11 अंकों से पराजित किया। फाइनल मुकाबला वसीम किसान क्लब बनत और सोमिन क्लब के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में वसीम किसान क्लब बनत ने 21 अंक अर्जित कर सोमिन क्लब को 13 अंकों से हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता के आयोजक प्रशांत चौहान ने बताया कि पिछले दो वर्षों में यह उनका पांचवां टूर्नामेंट है। इस अवसर पर कोच खुर्शीद, कप्तान साहब, रामपाल, राजेंद्र व अजय आदि मौजूद रहे।

अंग्रेजी ने दी राहत, गणित व विज्ञान ने किया परेशान

यूपी बोर्ड में हाईस्कूल की अंग्रेजी और इंटरमीडिएट की जीव विज्ञान व गणित विषय की हुई परीक्षा

संवाद न्यूज एजेंसी

शामली। यूपी बोर्ड परीक्षा में सोमवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में महत्वपूर्ण विषयों की परीक्षा हुई। दोनों पाली की परीक्षा में सभी केंद्रों पर 759 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थियों से बातचीत में अंग्रेजी का प्रश्नपत्र सरल और गणित और जीव विज्ञान विषय का प्रश्नपत्र कठिन बताया। सचल दल के चेकिंग के दौरान कोई नकलची नहीं मिला।

जिला विद्यालय निरीक्षक एश्वर्य जायसवाल ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में सुबह की पाली में हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। सभी केंद्रों पर 12391 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे, 11761 ने परीक्षा दी और 630 परीक्षा में अनुपस्थित रहे।

वहीं द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट में जीव विज्ञान व गणित विषय की परीक्षा संपन्न हुई। सभी केंद्रों पर 4867 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे, 4738 ने परीक्षा दी और 129 ने परीक्षा छोड़ दी।

उन्होंने बताया कि महत्वपूर्ण विषयों के कारण सभी केंद्रों पर सचल दल द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। किसी भी केंद्र पर कोई नकलची नहीं मिला। कंट्रोल रूम से भी विशेष निगरानी रखी गई। सभी केंद्रों पर सकुशल परीक्षा संपन्न हुई। किसी भी केंद्र पर सही समय परीक्षा शुरू हुई और सही समय पर समाप्त। परीक्षा छूटने के बाद प्रश्नपत्र को लेकर परीक्षार्थियों से बातचीत की गई तो, हाईस्कूल के छात्र सागर ने बताया कि अंग्रेजी विषय का प्रश्नपत्र काफी सरल था, निबंध दीपावली पर और लेटर भाई की शादी का आया हुआ था, जो उन्होंने झट से लिख दिए। वंश ने बताया कि सभी सवाल याद किए हुए थे। उनके 70 में से 60 नंबर आने की पूरी उम्मीद है।

वहीं इंटर की छात्रा सरिता ने बताया कि गणित का प्रश्नपत्र काफी कठिन था, काफी प्रश्न घुमाने वाले रहे, जिस कारण बस पास होने की ही उम्मीद है। विज्ञान विषय के छात्र राहुल का कहना है कि जीव विज्ञान का प्रश्नपत्र कठिन आया है, 50 से ऊपर ही नंबर आने की उम्मीद है।

शामली के डीवी इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा से पूर्व छात्रों की तलाशी लेते शिक्षक। संवाद

11761 विद्यार्थियों ने दी बोर्ड परीक्षा और 630 रहे अनुपस्थित

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक! punjab national bank ...the name you can BANK upon!

नीलामी सूचना
E-Auction के आधार पर

परिसंपत्ति पुनर्प्राप्ति प्रबंधन, पीएनबी भवन सी 01 वेद व्यास पुरी, दिल्ली बाईपास रोड, मेरठ– 250002, ई–मेलः cs8278@pnb.bank.in

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 8 व 9 के अधिनियम, 2002 के तहत ई–नीलामी विक्रय हेतु सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं 6 (2) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन चल/अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस।

इसके द्वारा सामान्य जनसाधारण को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित ऋणदाता के पक्ष में बंधक/चार्ज की गई है तथा जिसकी निर्मित/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा बैंक/सुरक्षित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, को नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को ''जहाँ है जैसे है'', ''जो है जैसा है'' तथा ''जो कुछ भी है'' के आधार पर विक्रय किया जाएगा। यह विक्रय संबंधित उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) से बैंक/सुरक्षित ऋणदाता के बकाया देयकों की वसूली हेतु किया जा रहा है। संबंधित संपत्तियों के लिए आरक्षित मूल्य तथा अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट का विवरण नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है।

क्र0 सं0	शाखा/खाता/ऋणी/गारन्टर का नाम व पता	चल/अचल सम्पत्ति का विवरण दृष्टिबंधक/प्रभार/बंधक/मालिक का नाम (संपत्ति के बंधककर्ता)	(ए) सरफेसी एक्ट के मांग नोटिस 13(2) की तिथि (बी) सरफेसी अधिनियम 2002 की धार 13 (2) के तहत मांग सूचना (सी) दिनांक 31.01.2026 तक शेष राशि (डी) सरफेसी एक्ट के मांग नोटिस 13(4) की तिथि (ई) कब्जे के प्रकार प्रतीकात्मक/भौतिक/सांकेतिक	(ए) रिर्जव मूल्य (लाख में) (बी) ईएमडी (सी) बोली वृद्धि राशि	ई–नीलामी की तिथि/दिनांक / सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि	बैंक को ज्ञात लेनदारों के प्रभार का विवरण
1	**शाखाः एमएमजी, शामली (182200)** **1.** श्री सोनू पुत्र श्री ओमप्रकाश **(ऋणी/बंधककर्ता)**, पताः मोहल्ला दयानंद नगर, शामली- 247774, मो0 नं. 9837064243। इसके अलावाः गली नं. 2, मोहल्ला दयानंद नगर, शामली- 247774। इसके अलावाः हाउस नं. 464 का, खालापार-4, शामली- 247774। **2.** श्री प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र श्री ओमप्रकाश **(गारन्टर)**, पताः मोहल्ला दयानंद नगर, शामली- 247774। इसके अलावाः हाउस नं. 339, खालापार-2, शामली' 247774।	बंधक आवासीय मकान स्वामी श्री सोनू पुत्र श्री ओमप्रकाश, स्थित मौहल्ला- दयानंद नगर, जिला- शामली में स्थित, क्षेत्रफल 41.82 वर्ग मीटर, जिसका पंजीकरण उप-पंजीयक शामली के कार्यालय में विक्रय विलेख संख्या 8872 दिनांक 20.08.2014 द्वारा, बही संख्या 1, वॉल्यूम संख्या 4014, पृष्ठ 365-386 में दर्ज है। उक्त संपत्ति की सीमाएं निम्न प्रकार हैंः पूर्वः श्रीमती रामकली का मकान, पश्चिमः श्री ओमपाल सिंह का मकान, उत्तरः श्री रणपाल सिंह का मकान, दक्षिणः 12 फीट चौड़ी गली रास्ता।	(ए) 11.12.2017 (बी) रू0 16,35,731/- + प्रभावी ब्याज दिनांक 01.01.2017 से एवं अन्य खर्चे यदि कोई हो (सी) रू0 34,73,586.00 + ब्याज दिनांक 31.01.2026 से + कानूनी एवं अन्य शुल्क (डी) 09.03.2018 (ई) सांकेतिक कब्जा	रू0 11.50 लाख / रू0 1.15 लाख / रू0 0.50 लाख	27.03.2026 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक / 26.03.2026	ज्ञात नहीं
2	**शाखाः एमएमजी, शामली (182200)** **1.** कुमारी नितीशा भारद्वाज पुत्री श्री कैलाश चंद (स्व. श्रीमती शशि प्रभा, ऋणी/बंधककर्ता की कानूनी उत्तराधिकारी), पताः मकान नं. 394, शांति नगर, धीमनपुरा, शामली, उत्तर प्रदेश- 247776, मो. नं. 9456223866। इसके अलावाः खसरा नं. 222 एवं 223, मोहल्ला न्यू मंडी, नियर ब्लॉक, आवासीय कस्बा शामली, परगना, तहसील एवं जनपद शामली- 247776। **2.** श्रीमती माधुरी वर्मा पत्नी श्री राजेन्द्र **(गारन्टर)**, पताः मकान नं. 331, ग्राम ताजपुर, सिम्भालका, शामली, उत्तर प्रदेश- 247776, मो. नं. 8445150020।	बंधक आवासीय मकान स्वामी स्वर्गीय श्रीमती शशि प्रभा पत्नी स्वर्गीय श्री कैलाश चंद, खसरा नं. 222 एवं 223, मोहल्ला न्यू मंडी, नियर ब्लॉक, शामली, परगना, तहसील एवं जनपद शामली में स्थित, कुल क्षेत्रफल 100.37 वर्ग मीटर (जिसमें से विक्रय क्षेत्रफल 6.69 वर्ग मीटर तथा बंधक क्षेत्रफल 93.68 वर्ग मीटर है), विक्रय विलेख संख्या 6956 दिनांक 05.06.2013 के अनुसार। सम्पूर्ण संपत्ति का क्षेत्रफल 100.37 वर्ग मीटर है, जिसकी सीमाएं निम्न प्रकार हैंः पूर्वः 20 फीट चौड़ा रास्ता, पश्चिमः जगमेर सिंह आदि का प्लॉट, उत्तरः श्रीमती गुड्डी के कब्जे का प्लॉट तथा श्रीमती राजेश के कब्जे का प्लॉट, दक्षिणः जगमेर सिंह आदि का प्लॉट।	(ए) 03.09.2025 (बी) रू0 24,45,123.30 दिनांक 31.08.2025 + प्रभावी ब्याज एवं अन्य खर्चे यदि कोई हो (सी) रू0 25,15,190.30 + ब्याज दिनांक 31.01.2026 से + कानूनी एवं अन्य शुल्क (डी) 05.12.2025 (ई) सांकेतिक कब्जा	रू0 36.75 लाख / रू0 3.67 लाख / रू0 0.50 लाख	27.03.2026 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक / 26.03.2026	ज्ञात नहीं
3	**शाखाः कैराना, शामली (302300)** मैसर्स इमरान अली कांट्रेक्टर (प्रोपराइटर- श्री इमरान अली पुत्र श्री रमजानी), पताः मोहल्ला आल कलां, तहसील कैराना, शामली, उत्तर प्रदेश- 247776। इसके अलावाः मकान नं. 544, मोहल्ला आल कलां, वार्ड नं. 11, तहसील कैराना, शामली, उत्तर प्रदेश- 247776। श्री इमरान अली पुत्र श्री रमजानी उर्फ जानी **(ऋणी)**, पताः मोहल्ला आल कलां, तहसील कैराना, शामली, उत्तर प्रदेश- 247776। इसके अलावाः मकान नं. 544, मोहल्ला आल कलां, वार्ड नं. 11, तहसील कैराना, शामली, उत्तर प्रदेश- 247776। श्री रमजानी उर्फ जानी पुत्र श्री मक्मूला **(गारन्टर)**, पताः मोहल्ला आल कलां, तहसील कैराना, शामली, उत्तर प्रदेश- 247776। इसके अलावाः मकान नं. 544, मोहल्ला आल कलां, वार्ड नं. 11, तहसील कैराना, शामली, उत्तर प्रदेश- 247776। श्रीमती शकीला पत्नी श्री रमजानी उर्फ जानी **(गारन्टर)**, पताः मोहल्ला आल कलां, तहसील कैराना, शामली, उत्तर प्रदेश- 247776। इसके अलावाः मकान नं. 544, मोहल्ला आल कलां, वार्ड नं. 11, तहसील कैराना, शामली, उत्तर प्रदेश- 247776।	बंधक एक आवासीय मकान स्वामी श्री रमजानी उर्फ जानी पुत्र श्री मक्मूला एवं श्रीमती शकीला पत्नी श्री रमजानी, स्थित आबादी बीन्दा रोड, कैराना, परगना एवं तहसील कैराना, जिला- शामली, उत्तर प्रदेश, जिसका क्षेत्रफल 351.62 वर्ग मीटर है। विक्रय विलेख संख्या 5319 दिनांक 07.09.1991, बही संख्या 1, जिल्द संख्या 1905, पृष्ठ संख्या 267-269 के अनुसार उप-पंजीयक कैराना, जनपद शामली, उत्तर प्रदेश के कार्यालय में पंजीकृत है। उक्त संपत्ति की सीमाएं निम्न प्रकार हैंः पूर्वः राशिद अहमद का प्लॉट, पश्चिमः 10.5 फीट चौड़ी गली रास्ता, उत्तरः जरीफ, सैयद एवं यूनुस का मकान, दक्षिणः इकबाल हसन का प्लॉट।	(ए) 29.04.2019 (बी) रू0 21,27,272.88 दिनांक 08.01.2019 + प्रभावी ब्याज एवं अन्य खर्चे यदि कोई हो (सी) रू0 52,00,257.88 + ब्याज दिनांक 31.01.2026 से + कानूनी एवं अन्य शुल्क (डी) 15.09.2022 (ई) सांकेतिक कब्जा	रू0 28.00 लाख / रू0 2.80 लाख / रू0 0.50 लाख	27.03.2026 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक / 26.03.2026	ज्ञात नहीं
4	**शाखाः एमएमजी, शामली (182200)** श्री अनिल कुमार गुप्ता पुत्र श्री नंद किशोर गुप्ता **(ऋणी/बंधककर्ता)**, पता 1ः मकान नं. 695, वार्ड नं. 12, पंजाब ट्रैक्टर वाली गली, दयानंद नगर, परगना, तहसील एवं जनपद शामली, उत्तर प्रदेश- 247776। मो. नं. 9410473200, पता 2. मैसर्स अनिल ई-रिक्शा गैराज, पंजाब ट्रैक्टर वाली गली, दयानंद नगर, परगना, तहसील एवं जनपद शामली, उत्तर प्रदेश- 247776। श्री उमेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री नंद किशोर गुप्ता **(सह-ऋणी/बंधककर्ता)**, पता 1. मकान नं. 695, वार्ड नं. 12, पंजाब ट्रैक्टर वाली गली, दयानंद नगर, परगना, तहसील एवं जनपद शामली, उत्तर प्रदेश- 247776। मो. नं. 8607523258, श्री अमन सिंघल पुत्र श्री अनिल कुमार गुप्ता **(सह-ऋणी)**, पता 1. मकान नं. 695, वार्ड नं. 12, पंजाब ट्रैक्टर वाली गली, दयानंद नगर, परगना, तहसील एवं जनपद शामली, उत्तर प्रदेश- 247776। मो. नं. 8899433918, पता 2, मकान नं. 64, कमला कॉलोनी, दयानंद नगर, परगना, तहसील एवं जनपद शामली, उत्तर प्रदेश- 247776।	बंधक आवासीय मकान स्वामी श्री अनिल कुमार गुप्ता एवं श्री उमेश कुमार गुप्ता, दोनों पुत्र श्री नंद किशोर गुप्ता। स्थित वार्ड नं. 12, मकान नं. 695, मोहल्ला दयानंद नगर, परगना, तहसील एवं जनपद शामली में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 141.35 वर्ग मीटर है। विक्रय विलेख संख्या 7224 दिनांक 28.06.2019 के अनुसार पंजीकृत है। उक्त संपत्ति की सीमाएं निम्न प्रकार हैंः पूर्वः डॉ. प्रदीप गोयल का मकान, पश्चिमः 12 फीट चौड़ा रास्ता तथा कब्जे में जय प्रकाश का मकान, उत्तरः नीरज का मकान, दक्षिणः जय प्रकाश आदि की संपत्ति।	(ए) 29.09.2025 (बी) रू0 29,43,668.16 दिनांक 31.08.2025 + प्रभावी ब्याज एवं अन्य खर्चे यदि कोई हो (सी) रू0 28,08,676.66 + ब्याज दिनांक 31.01.2026 से + कानूनी एवं अन्य शुल्क (डी) 05.12.2025 (ई) सांकेतिक कब्जा	रू0 47.00 लाख / रू0 4.70 लाख / रू0 0.50 लाख	27.03.2026 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक / 26.03.2026	ज्ञात नहीं

विक्रय सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) नियम, 2002 में निर्धारित नियम एवं शर्तों के अधीन होगा तथा इसके अतिरिक्त निम्नलिखित शर्तें भी लागू होंगीः–

1. संपत्तियों का विक्रय ''जहाँ है जैसे है'', ''जो है जैसा है'' तथा ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जाएगा।
2. उपरोक्त अनुसूची में उल्लिखित सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है, तथापि इस घोषणा में किसी भी प्रकार की त्रुटि, गलत विवरण अथवा चूक के लिए प्राधिंत अधिकारी उत्तरदायी नहीं होगा।
3. विक्रय, अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी मंच के माध्यम से www.pnbindia.in एवं https://baanknet.in वेबसाइट पर दिनांक 27.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक किया जाएगा।
4. ई-नीलामी में भाग लेने हेतु बोलीदाता को आरक्षित मूल्य से कम से कम एक बोली अधिक लगाना अनिवार्य होगा।
5. विक्रय की विस्तृत शर्तों एवं नियमों के लिए कृपया www.pnbindia.in एवं https://baanknet.com वेबसाइट देखें।

हस्ताक्षरित–
श्री नवीन प्रकाश (मोबाइल नंबरः 7060208081)
मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी पंजाब नेशनल बैंक

दिनांकः 23.02.2026 | स्थान – मेरठ | प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूति लेनदार